महत्वपूर्ण एवं खास

श्रावण मास का आज चौथा सोमवार, शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

रायपुर (आरएनएस)। भोलेनाथ के अतिप्रिय सावन माह का आज चौथा सोमवार है। शिवभक्तों की भीड़ आज सुबह से ही शिवालयों में उमड़ पड़ी। शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही बाबा भोलेनाथ की जयघोष सुनाई देने लगी थी। आज शिवालयों में विभिन्न तरीकों से भोलेनाथ की पूजा-अर्चना, तरह-तरह के अभिषेक आदि का क्रम चल रहा है। शहर के शिवालयों में आज सुबह से ही भक्त बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना में जुट गए हैं। भगवान आशुतोष को श्रावण माह अतिप्रिय है, यही वजह है कि सावन माह आते ही भोले के भक्तों में एक नई ऊर्जा का संचार होने लगता है। इसके अलावा आमजन भी शिवभक्ति में रम जाते हैं। शिवालयों में भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण शिवभक्ति में डूब गया है। चौथा सोमवार होने के कारण आज शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही उमडऩे लगी थी। शहर के प्राचीन बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, हटकेश्वर महादेव मंदिर, नरहरेश्वर महादेव मंदिर, बंजारेश्वर महादेव मंदिर, मठपारा स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों व श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। सभी भक्त शिव जी की पूजा-अर्चना में रमे हुए दिखे। भोलेनाथ को प्रिय बेलपत्र, आक, धतूरा, कनेर का पुष्प चढ़ाकर तथा जलाभिषेक कर भक्तों ने देवादिदेव को अपनी भक्ति समर्पित कर घर-परिवार की खुशहाली की कामना की। देवालयों में आज युवा वर्ग भी काफी अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। इसके अलावा कांवडिय़ों का जत्था भी बोल बम के नारे लगाते हुए देवालयों व शिवालयों में पहुंच रहे हैं।

बैगा की दवा से दंपति का बिगड़ा स्वास्थ्य, उपचार के दौरान पत्नी की मौत

कोरबा (आरएनएस)। सामान्य बीमारी होने पर डाक्टर के बजाए बैगा के पास उपचार कराने पति-पत्नी पहुंच गए। भूत-प्रेत उतारने के नाम पर बैगा ने दोनों को दवा थमा दिया। सेवन करने पर दोनों का स्वास्थ्य बिगड़ गया। उपचार के दौरान पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना अंतर्गत मामला सामने आया है। जहां सामान्य बीमारी होने पर रामाधार पटेल व उसकी पत्नी सुशीला पटेल डाक्टर के पास जाने के बजाए बैगा के पास पहुंच गए। उन्हें शक था कि किसी ने जादू टोना कर दिया है, इसलिए संतान नहीं हो रहा। झाड़ फूंक कराने से बाधाएं दूर हो जाएगी। बैगा ने उन्हें कुछ दवा दे दिया। जिसे दोनों ने सेवन कर लिया। इसके बाद दोनों उल्टियां करने लगे, तबियत बिगडऩे पर आनन-फानन में स्वजनों ने दोनों को उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पत्नी सुशीला की मौत हो गई। वहीं पति रामाधार की हालत खराब है और उसका उपचार किया जा रहा है। जिला अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल मृतका के स्वजनों का बयान दर्ज किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में 13 दिन का वजन त्यौहार आज से

महासमुंद (आरएनएस)। कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है और कितने बच्चे कुपोषण से निजात पा चुके हैं। इसका पता लगाने के लिए जिले में 13 दिनों तक वजन त्यौहार मनाया जाएगा। कल मंगलवार 01 अगस्त से शुरू होने वाले यह वजन त्यौहार 13 अगस्त 2023 तक चलेगा। ज़िले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में चलने वाले इस वजन त्यौहार में 0 से 06 वर्ष के बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। उनके कुपोषण स्तर की जांच की जाएगी।

बघेल दरबार मोखली में आयोजित डॉ खूबचन्द बघेल जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिमा का किया अनावरण
- नव निर्मित रेस्ट हाउस का लोकार्पण किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग जिले के पाटन विकास खण्ड के ग्राम दरबार मोखली में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज द्वारा आयोजित डॉ खूबचन्द बघेल जयंती समारोह में शामिल हुए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. घनाराम बंछोर और स्व.गेंदलाल बंछोर के प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने दरबार मोखली में 46.88 लाख रुपये लागत से जल संसाधन विभाग के नवनिर्मित रेस्ट हाउस का लोकार्पण किया। इसके अलावा ग्राम दरबार मोखली और ग्राम सेमरी में एक करोड़ 21 लाख 75 हजार लागत के विभन्न निर्माण कार्यो का भी लोकार्पण किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि दरबार मोखली मेरे पड़ोसी गांव है। स्व गेंदलाल क्षेत्र के पहले वकील थे, गांधी जी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए। गेंदलाल जी छत्तर सिंग को तत्कालीन समय में जो पत्र लिखे है उसमें पूरा विवरण है। पाटन क्षेत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का गढ़ है। अंग्रेजों के बनाये व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन करना बड़ी बात है। डॉ. साहब का व्यक्तित्व बहुत विशाल था। डॉ खूबचंद बघेल का गीत है - गजब विटामिन भरे हुए हैं छत्तीसगढ़ के बासी मा। हमने बोरे बासी दिवस मनाकर उनके उस गीत और छत्तीसगढ़ के आहार को सम्मान दिया। आज देश में छत्तीसगढ़ की पहचान यहां की संस्कृति से है, लघु वनोपज की खरीदी से है, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल से है। देश और दुनिया में छत्तीसगढ़ को लेकर सोच में परिवर्तन आया है। पहली बार हमने आदिवासी नृत्य महोत्सव आयोजित किया, जिसमें देश और विदेश के कई नृत्य समूहों ने हिस्सा लिया। हमारा प्रयास छत्तीसगढ़ की प्राचीन, ऐतिहासिक, पौराणिक धरोहर को सामने लाने और सहेजने की है। यह वही परिवर्तन है जिसका सपना हमारे पुरखों ने देखा था कि हर छत्तीसगढिया में छत्तीसगढिय़ॉ होने का स्वाभिमान जागे। सभी जिलों में हम छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। हम छत्तीसगढ़ की संस्कृति को महत्व देने का काम कर रहे हैं। तत्कालीन समय मे समाजिक बुराइयों के खिलाफ सेनानियों ने आवाजे बुलन्द किये। डॉ. खूबचंद बघेल के 100 वीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बना। लेकिन यहां के लोगों को राज्य बनने का सही मायने में अहसास अब हुआ है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी के चार चिन्हारी की ओर लोगो को ध्यान दिलाते हुए ग्रमीणों के आर्थिक विकास के लिए सरकार के प्रयासों को अवगत कराया। उन्होंने स्वास्थ, शिक्षा, सडक़, पेयजल और संस्कृति पर विशेष ध्यान देने की बातें कही। राज्यगीत के साथ छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने दरबार मोखली में हाई स्कूल का उन्नयन व शीतला तालाब सौंदर्यीकरण की घोषणा की। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नद्रष्टा डॉ खूबचन्द बघेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को विस्तार पूर्वक रेखांकित किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गेंदलाल बंछोर और स्व. घनाराम बंछोर के जीवनी पर प्रकाश डाला। सरपंच आशीष बंछोर ने स्वागत भाषण में ग्राम दरबार मोखली के हाई स्कूल का उन्नयन औऱ शीतला तालाब सौंदर्यीकरण की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा, जनपद पंचायत पाटन के उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी, जनपद सदस्य श्रीमती वेदना वर्मा, सभापति महिला बाल विकास श्रीमती दुर्गा नेताम, सरपंच आशीष बंछोर, शंकर बघेल एवं राजेश ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजिक पदाधिकारीगण मौजूद थे।

सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के संबंध में जिला टास्क फोर्स समिति की हुई बैठक

- सर्वे पूर्ण कर टीकाकरण हेतु बनाये कार्ययोजना- सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव
- तीन चरणों में चलेगा टीकाकरण अभियान

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा निर्देशन में आज सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 0.5 के सफल क्रियान्वयन एवं सुपरविजन तथा मॉनिटरिंग के लिए जिला टॉस्क फोर्स समिति की बैठक ली।

सीईओ यादव द्वारा अभियान के संबंध में जानकारी लेने पर जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि अभियान का मूल उद्देश्य 0 से 5 वर्ष के छुटे हुए बच्चों को टीकाकृत किया जाना है। भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य में नियमित टीकाकरण अभियान सुदृढ़ीकरण एवं मिजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की डोज से छूटे हुए 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकृत किए जाने हेतु सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 0.5 आयोजित किया जाएगा, जो तीन चरण में चलेगा। अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर एवं तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष के यू-विन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिला के नाम का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। जिससे 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण कार्ड जनरेट होगा। जिसमें उनके समस्त छूटे टीकाकरण व आने वाले टीकाकरण के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही पूर्व छूटे हुए टीकाकरण बच्चे को टीकाकृत करने में सहायता प्राप्त होगी।

सीईओ यादव ने सभी बीएमओ को इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं का हेड काउन्ट सर्वे पूर्ण कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। ताकि छूटे हुए लाभार्थियों को चिन्हांकित कर टीकाकृत किया जा सके। उन्होंने मितानिन एवं एएनएम के माध्यम से घर-घर सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए माइक्रो प्लानिंग, फील्ड कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के साथ ही समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे बेहतर परिणाम मिल सके।

बैठक में सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के.जाटवर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी. पी.पटेल, सिविल सर्जन डॉ.आर. एन.मंडावी, डॉ.नीरज कुमार मिश्रा, शिक्षा विभाग से आलोक स्वर्णकार, शिवेन्द्र सिंह सहित बीएमओ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जुडॉ का हड़ताल आज से : पहले ओपीडी फिर आपातसेवा से खींच लेंगे अपना हाथ

रायपुर (आरएनएस)। जुनियर चिकित्सकों ने स्टाइपेंड की अपनी वर्षों पुरानी मांग पर अब आर-पार की लड़ाई लडऩे का मन बना लिया है। जुनियर डॉक्टर जहां 01 अगस्त से ओपीडी में सेवा बंद कर देंगे तो वहीं 02 अगस्त से आपातसेवा में भी अपनी भागीदारी हटा लेंगे। इस संबंध में जुडा द्वारा सभी विभागध्यक्षों को सूचित कर दिया गया है। जुनियर डॉक्टर एसोसिएशन इस बात से खासे नाराज हैं कि राज्य सरकार द्वारा कई तरह के आश्वासन दिए जाने के बाद भी आज तक उनकी मांगों पर कभी गंभीरता से विचार नहीं किया गया। ज्ञात हो कि जनवरी माह में भी जुडा ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल किया था। लेकिन इसके बाद भी उनके पक्ष में किसी तरह का कदम नहीं उठाया गया। जुनियर चिकित्सकों की हड़ताल से अस्पताल में जहां उपचार व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो जाती है तो वहीं मरीजों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

हड़ताल के दौरान जिम्मेदारों ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर ठोस कदम उठाए जाने का आश्वासन देकर हड़ताल खत्म कराया था। इधर जुनियर चिकित्सकों को उम्मीद थी कि अनुपूरक बजट में उनकी मांगों को लेकर चर्चा होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद से ही जुनियर चिकित्सकों में रोष देखा जा रहा था।

एडिनो वायरस और स्टेपलर कॉकस बैक्टिरिया फैला रहे छत्तीसगढ़ में आईफ्लू

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में पिछले एक पखवाड़े के दौरान तेजी से फैल रहे आईफ्लू संक्रमण के पीछे एडिनो वायरस और इस बीमारी को तेजी से फैलाने वाली बैक्टीरिया की पहचान स्टेपलर कॉकस है। छत्तीसगढ़ के लगभग सभी प्रमुख शहरों से लेकर गांव-गांव तक अपना पैर पसार चुके आई फ्लू के पीछे मुख्य वजह इसके संक्रमण का द्रुत गति से फैलाव है। आईफ्लू या पिंकआई बीमारी के लिए जहां एडिनो वायरस मुख्य वजह होता है तो वहीं इस बीमारी के तेजी से फैलाव के लिए स्टेपलर कॉकस नामक बैक्टिरिया है। इस बात की जानकारी राज्य के कई हिस्सों से लिए गए नमूनों की जांच में सामने आया है। बताया जाता है कि बलौदाबाजार जिले के लैब और रायपुर मेडिकल कालेज के साथ कुछ अन्य राज्यों में सामने आए कल्चर रिपोर्ट में कंजंक्टिवाइटिस की वजह एडिनो वायरस को माना गया और इसका तेजी से विस्तार करने वाले बैक्टीरिया की पहचान स्टेपलर कॉकस के रुप में की गई है। दूसरी ओर राज्य सरकार ने इसे लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में इस संक्रमण की रोकथाम के लिए दवाईयों का पर्याप्त स्टॉक भेजा जा चुका है। दूसरी ओर आई फ्लू के कारणों की पहचान होने के बाद ऑल इंडिया ऑप्थेल्मोलॉजी सोसाइटी (एआईओएस) की सलाह पर संक्रमण के उपचार के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार इस बीमारी के उपचार के लिए सूचीबद्ध दवाईयों में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

अलग-अलग चार मामलों में 68 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार : तमनार पुलिस की अवैध शराब पर दूसरे दिन भी कार्यवाही

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर जिले के थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पिछले दो दिनों से अवैध शराब बनाने और बेचने वालों पर मुखबिर लगाकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

क्षेत्र में अवैध शराब पर अंकुश लगाने एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी तमनार द्वारा प्रत्येक बीट में मुखबिरों के साथ अपने स्टाफ लगाकर अवैध शराब बनाने और बेचने वालों की जानकारी लिया जा रहा है जिसमें कल तमनार पुलिस ने उरांवपारा तमनार में आरोपी धनाऊ राम उरांव से 04 लीटर महुआ शराब, सीतापुर चौंक मिलूपारा में आरोपी रेशम लाल सिदार से 40 लीटर महुआ शराब, लालपुर चौंक मिलूपारा में आरोपी हेम सागर भगत से 20 लीटर महुआ शराब तथा आज हिझंर चौंक तमनार मेंआरोपी सालिक राम विश्वकर्मा को 04 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। इस प्रकार पिछले दो दिनों में तमनार पुलिस ने चार आरोपियों से कुल 68 लीटर महुआ शराब की जप्ती कर आरोपियों पर थाना तमनार में आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में शराब रेड कार्यवाही में सउनि खेमराज पटेल, नरसिंह नाथ यादव, प्रधान आरक्षक संतोष कुमार कुर्रे, अनुप कुमार कुजूर, पारसमणी बेहरा, आरक्षक अनुप मिंज, भीष्मदेव सागर और पुरूषोत्तम सिंह सिदार शामिल थे।

शराब रेड़ की अलग-अलग कार्यवाही में पकड़े गये आरोपी-

(1) आरोपी धनाऊ राम उरांव पिता स्वर्गीय पुसे राम उरांव 50 साल उरांवपारा तमनार थाना तमनार

(2) सालिक राम विश्वकर्मा पिता कृपाल विश्वकर्मा उम्र 32 साल निवासी छातासराई थाना लैलूंगा

(3) हेमसागर भगत पिता दशरथ भगत उम्र 29 साल निवासी छातासराई थाना लैलूंगा

(4) रेशम लाल सिदार पिता 36 साल कोड़ामाई थाना लैलूंगा

अनियमितता पाए जाने पर तीन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस

- किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कीटनाशी औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने कृषि विभाग का निरीक्षण दल दे रहा सतत दबिश

सारंगढ़.बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशानुसार जिले के किसानों को सुगमतापूर्वक एवं गुणवत्तायुक्त कृषि आदान बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने जिला स्तरीय निरीक्षण दल गठन किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि निरीक्षण दल के द्वारा जिले में संचालित अनुज्ञप्ति धारी विक्रेताओं के अलग. अलग 5 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अनियमितता पाए जाने पर 3 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया है तथा तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देश किया गया है।

बिलाईगढ़ में मेसर्स मनोज किराना के नाम से रासायनिक खाद एवं कीटनाशी का व्यापार किया जा रहा था। पीओएस एवं भौतिक स्टॉक में अंतर, समस्त प्रकार की पंजी, सही फॉर्मेट में संधारित नहीं होना, मूल्य स्टॉक सूची प्रदर्शित नहीं करना, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं होना, कीटनाशी संबंधित कैश मेमो, स्टॉकबुक, प्रदर्शन बोर्ड आदि नहीं होना पाया गया। इसी तरह सारंगढ़ के ग्राम छिन्द में मेसर्स पटेल कृषि केंद्र में कीटनाशी व्यापार संबंधी आवश्यक दस्तावेज निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं कर पाए, जिस कारण तीन दिवस में सभी दस्तावेज तैयार कर प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में उर्वरक निरीक्षक एवं निगरानी दल द्वारा सतत औचक निरीक्षण किया जा रहा है, अनियमितता पाये जाने पर एफसीओ 1985, कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं 1971 तथा बीज अधिनियम 1966 के तहत कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण दल में जिला निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुलेमान एक्का सहित कृषि विस्तार अधिकारी शामिल थे।

गोठान में निर्मित गोबर पेंट से बाल सम्प्रेषण गृह की पुताई

- रीपा अंतर्गत बिरकोनी गोठान में महिलाओं ने किया 6200 लीटर गोबर पेंट का निर्माण
- ग्रामीण महिलाएं गोबर पेंट का उत्पादन कर बाज़ार में रख रही मजबूती से कदम

महासमुंद (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप महासमुंद स्थानीय गोठानों में निर्मित गोबर पेंट से सरकारी भवनों की पुताई का काम लगातार शुरू है। महासमुंद के बिरकोनी गोठान में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा अंतर्गत स्थापित गोबर से डिस्टेंपर पेंट बनाने का काम चल रहा है। जहां समूह की महिलाओं द्वारा (जुलाई माह की स्थिति में) अब तक लगभग 6200 लीटर पेंट तैयार कर लिया गया है। जिसमें से कुल छ: लाख 75 हजार रुपए का पेंट विक्रय कर लिया गया है। इससे समूह को 3 लाख 15 हजार रुपए की आय हुई है। गोबर पेंट की बाज़ार क़ीमत 160 रुपये प्रति लीटर है। बाल सम्प्रेषण गृह के नवनिर्मित आहता में गोबर से बने हल्के गुलाबी रंग के पेंट से पोताई का कार्य किया गया है। इस भवन में 450 लीटर पेंट की खपत हुई है। इसकी कुल क़ीमत 72000 रुपए है। इसी तरह ज़िले के नवीन निर्मित भवनों में अब गोबर पेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता एस.आर.चंद्राकर ने बताया कि बाल सम्प्रेषण गृह में सुधार कार्य हेतु 17 लाख 73 हजार रुपए खनिज संस्थान न्यास परिषद के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसमें मुख्य रूप से बाल सम्प्रेषण की आहता की उंचाई को बढ़ाने का काम किया जाना था। जिसकी पोताई गोबर पेंट से किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने भी 1000 लीटर गोबर पेंट का ऑर्डर दिया है। ज्ञात है कि पहले सिरपुर - बांसकुड़ा में शासकीय उचित मूल्य और आँगनबाडी केंद्र में पुताई गोबर पेंट से की जा चुकी है।

जिले में संचालित बिरकोनी गोठानों में रीपा में तथा पेंट कार्य से जुड़ी श्रीमती चितरेखा, रामकली यादव, खिलेश्वरी साहू ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित करने के कारण गोबर पेंट बनाने का कार्य जारी है। विभिन्न विभागों से लगातार ऑर्डर भी प्राप्त हो रहा है। गोबर पेंट वास्तव में आजीविका का एक नए साधन के रूप में हमें रोजगार प्रदान कर रहा है। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है अपितु यह पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी फायदेमंद है। गोबर पेंट से ही हम प्रत्येक सदस्यों को 39 हजार 375 रुपए की आय हुई है। महिलाओं ने बताया कि गोबर पेंट की क़ीमत बाजार में उपलब्ध रासायनिक पेंट से कम है, साथ ही गोबर से निर्मित होने के कारण रासायनिक पेंट की तुलना में इसमें महक भी नहीं आती है। गांवो के गोठान में संचालित रीपा में महिला समूहों द्वारा तैयार किया गया गोबर पेंट अब बाजार में मिलने वाले पेंट के मुकाबले इको फ्रेंड्ली है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेवसहत, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैधैन्तिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU